श्री सुरभ्यै नमः

पंजीयन क्रं. - 122202431798

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति

गुरू गोविंद सिंह नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

Website - https://gausevacg.org Email - gausevacg@gmail.com

दिनांक 28-01-2026

गौ विज्ञान परीक्षा 2025

द्वितीय चरण परीक्षा की कार्ययोजना

परीक्षा दिनांक – 08/02/2026 (रविवार), परीक्षा केन्द्र – जिला मुख्यालय

1. द्वितीय चरण की परीक्षा में सिर्फ प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी ही सम्मिलित होंगे।
2. परीक्षा सभी 33 जिला केन्द्र में जिला समिति द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र में होगी। परीक्षा दिनांक 08/02/2026 (रविवार) को होगी। परीक्षार्थी को ठीक प्रातः 09:30 बजे तक परीक्षा केन्द्र पहुँचना अनिवार्य है। चुँकि परीक्षा के साथ–साथ कार्यक्रम भी रहेगा अतः समापन 3:30 बजे तक होगा। अतः पूरे समय उपस्थित रहना है।
3. अपने जिले के परीक्षा केन्द्र की जानकारी आप हमारे Website www.gausevacg.org से प्राप्त कर सकते है अथवा जिला/ब्लॉक नोडल से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
4. जिला स्तरीय इस आयोजन का नाम " गौ सेवा संगम " रहेगा। इस अवसर पर द्वितीय चरण की परीक्षा, गौ सेवा संबंधी प्रदर्शनी, गौ उत्पाद एवं साहित्य का स्टॉल, जिले के गौ सेवको का अभिनंदन, सुरभि मंत्र जप एवं हवन तथा पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह रहेगा। कार्यक्रम प्रातः 10 से प्रारंभ होकर दोपहर 3:30 बजे समाप्त होगा। सभी विद्यार्थी, पालक, शिक्षक–शिक्षिकाओं को पूरे समय कार्यक्रम स्थल पर ही रहना है।
5. सभी पात्र विद्यार्थियों को अपने पालक अथवा शिक्षक के साथ अपने साधन से परीक्षा देने निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पहुँचना रहेगा। इस हेतु संस्था की ओर से किसी प्रकार का यात्रा व्यय प्रदान नही किया जाएगा।

6. प्रश्नपत्र प्रथम चरण की परीक्षा जैसे ही रहेंगे, समय भी उसी अनुसार रहेगा, उत्तर **OMR Sheet** में ही गोला काला करके देना रहेगा।
7. सभी परीक्षार्थी अपना आधार कार्ड अथवा विद्यालय द्वारा दिया गया परिचय पत्र अथवा कोई भी पहचान संबंधि दस्तावेज अवश्य लेकर आएंगे तथा मांगे जाने पर परीक्षा हॉल में दिखाना रहेगा।
8. द्वितीय चरण की परीक्षा के परिणाम की घोषणा 9 फरवरी को सायं 6 बजे किया जाएगा। सभी जिलो का परिणाम हमारे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण तृतीय चरण की परीक्षा के समय किया जाएगा जिसकी संभावित तिथि 15 से 30 अप्रैल 2026 के मध्य रहेगी जिसकी विधिवत पूर्व सूचना सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।
9. संस्था की ओर से विद्यार्थी एवं उनके पालक के लिये अल्पाहार एवं प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी।
10. सभी विद्यार्थियों को पंचगव्य किट का वितरण किया जाएगा।
11. सभी संस्था के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी शिक्षक–शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।
12. गौ विज्ञान परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा विद्यालय/महाविद्यालय का विशेष अभिनंदन किया जाएगा।
13. शाक वाटिका का निर्माण करने वाली चुनिंदा संस्थाओं का अभिनंदन किया जाएगा।
14. गौमाता पर देश में पहली फिल्म ''गोदान'' आने वाले 6 फरवरी को देश को सभी प्रमुख सिनेमाघरों में एक साथ रिलिज हो रही है। सभी संस्था अपनी संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों को यह फिल्म अवश्य दिखाए ऐसा सादर आग्रह एवं निवेदन है।

गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन का यह अभियान किसी एक संस्था का न होकर हम सब का है इस भाव के साथ आप सभी इस महायज्ञ में तन, मन, धन से सहयोग कर इस अभियान को सफल बनाएं ऐसा विनम्र आग्रह है।

इरण्णा सपारे
(प्रांत संयोजक)

सुबोध राठी
(प्रांत गौ विज्ञान
परीक्षा प्रमुख)